प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव– 2024 के तारीखों की कल दोपहर होगी घोषणा, निर्वाचन आयोग में नवनियुक्त दोनों चुनाव आयुक्तों ने संभाला कार्यभार, चुनावी तैयारियों की ली जानकारी।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पांच दिवसीय दक्षिण भारत के दौरे का कन्याकुमारी से किया आगाज, जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना।
3. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे झारखंड, चतरा और रांची में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे शिरकत।
4. रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 76 विद्यार्थियों को प्रदान किया गोल्ड मेडल।
5. रांची मौसम विभाग ने कल से 18 मार्च तक के लिए जारी किया येलो अलर्ट, तेज हवा के साथ ठनका गिरने की दी जानकारी।

********************

निर्वाचन आयोग कल दोपहर तीन बजे लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। यह निर्णय आज नई दिल्ली में आयोजित चुनाव आयोग की बैठक में लिया गया। बैठक से पूर्व नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाला। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ऐसे समय में इनका आयोग में शामिल होना महत्वपूर्ण है जब निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव संचालन के लिये तैयार है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु के कन्याकुमारी से अपने पांच दिवसीय दक्षिण भारत के दौरे का आगाज किया। उन्होंने वहां आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से जो लहर उठी है वह दूर तक जाएगी। वहीं उन्होंने आगामी चुनाव में बीजेपी के बेहतर प्रदर्शन पर बल दिया और विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा।

इधर प्रधानमंत्री केरल में भी जनसभा को संबोधित करेंगे। वो शाम सवा पांच बजे तेलंगाना में भाजपा के रोड शो में हिस्सा लेंगे।

********************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज कोल्हान विश्वविद्यालय अंतर्गत पोटका डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया। पोटका प्रखंड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में उन्होंने जनसभा के भी संबोधित किया। श्री सोरेन आज पोटका के प्रखंड मैदान और चाकुलिया के मारदा बांध स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिला सरायकेला के जिलिंगगोड़ा में सरना स्थल पर पूजा अर्चना की।

********************

विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने जामताड़ा के नाला प्रखंड के जामजोड़ी, कड़ैया और फतेहपुर प्रखंड के धातुला स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों के नए भवनों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अन्य स्वास्थ्य केंद्र भवनों का भी कायाकल्प किया जाएगा और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

********************

बोकारो जिले में आगामी 17 मार्च को होने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने एकदिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे। रांची पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। वे चतरा और रांची में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सबसे पहले चतरा के भद्रकाली मंदिर आएंगे। वह भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इधर रांची में वे कार्निवाल हॉल में लोहरदगा और रांची लोकसभा क्षेत्र कोर कमिटी की बैठक को भी संबोधित करेंगे।

********************

आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने चुनाव से संबंधित शिकायत और निगरानी के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। विभाग की ओर से जारी किए गए नंबर 0326–2311217 एवं 8210840901 पर पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

********************

लोक सभा चुनाव को देखते हुए चतरा पुलिस ने सोशल मीडिया को लेकर एडवाइजरी जारी की है। जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने लोगों से सोशल मीडिया पर चुनाव को प्रभावित करने वाले पोस्ट ना डालने की अपील की है।

********************

रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में आज राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 76 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। इस मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें देश के विकास में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में चार हज़ार से ज्यादा छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई।

********************

दुमका के सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के अधीन कुल 6 अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य को विश्वविद्यालय द्वारा बदल दिया गया है। इस सम्बन्ध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार डॉ राकेश कुमार को एस. पी. महिला महाविद्यालय, दुमका, डॉ एस आर रिजवी को साहेबगंज महाविद्यालय, डॉ युगल झा को के. के. एम. महाविद्यालय पाकुड़, डॉक्टर कौशल को जामताड़ा महाविद्यालय, नीलिमा वर्मा को ए. एस. महाविद्यालय देवघर और डॉ स्मृति कुमारी को गोड्डा महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है।

********************

रांची मौसम विभाग ने कल से 18 मार्च तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जारी अलर्ट में तेज हवा के साथ ठनका गिरने की भी चेतावनी दी गई है। 20 मार्च को भी बारिश की आशंका जताई गई है, जिसका असर राज्यभर में दिखेगा।

********************

- जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस कर्मियों की एक टीम के साथ बिष्टुपुर इलाके में पेट्रोलिंग की। बिष्टुपुर में मेन रोड और बिष्टुपुर बाजार समेत अन्य इलाकों में गश्त की गई। इस अवसर पर बिष्टुपुर थाना प्रभारी के अलावा डीएसपी भी रहे।
- गोड्डा जिले के गायछांद गांव में पुलिस ने देसी अवैध शराब बनाने वाले स्थानों को नष्ट किया। वहीं सैकड़ों लीटर शराब भी बरामद की गयी।
- एम्स देवघर के मेडिकल सुपरिटेंडेंट सहित 17 पदों के लिए प्रतिनियुक्ति आधारित वैकेंसी निकाली गयी है। इससे संबंधित विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है।
- पलामू जिला मुख्यालय में मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर दो सुदना के बैंक कालोनी में सीमा सुरक्षा बल के जवान के घर में कल रात चोरों ने करीब 15 लाख रुपए के जेवरात और 2 लाख नगद चुरा लिए।
- आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद के मैथन स्थित इंटर स्टेट पुलिस चेकपोस्ट पर कल वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से आने वाली एक कार से पुलिस ने 10 लाख रुपये नगद बरामद किए।
- चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह की अनुशंसा पर निगमित सामाजिक दायित्व की राशि से जिले के तेइस हजार  पांच सौ छात्र छात्राओं के बीच बैग का वितरण किया जाना है।
- जिला शिक्षा अधीक्षक दिनेश मिश्रा की उपस्थिति में आज  सांकेतिक रूप से जिले के नेताजी सुभाष चंद्र समर्थ विद्यालय , पकारिया एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चतरा में बैग का वितरण किया गया।
- हजारीबाग जिले के बड़कागांव में टीएसपीसी ने सड़क निर्माण में लगे दो वाहनों को फूंका। घटना कल देर रात की है। उग्रवादियों ने वहां पोस्टर भी चिपकाया है।

<u>******समाप्त******</u>